नेतरहाट विद्यालय प्रवेश-प्रतियोगिता परीक्षा 2017-18
प्रारम्भिक परीक्षा (Preliminary Test) के विषय में परीक्षार्थियों की जानकारी हेतु

झारखण्ड राज्य के होनहार बालकों,

नेतरहाट विद्यालय प्रवेश-प्रतियोगिता परीक्षा 2017-18 की प्रारम्भिक परीक्षा (Preliminary Test) आपके जिला मुख्यालय में जिला शिक्षा पदाधिकारी की देख-रेख में होगी, उसमें आप कैसे सफल हो सकें, आप को किन बातों पर ध्यान देना चाहिए, इन्हीं की जानकारी हेतु आपको यह निर्देश और कुछ प्रश्नों के प्रारुप और उनके उत्तर किस प्रकार दिए जाने चाहिए इनका एक छोटा नमूना (Sample) दिया जा रहा है।

निर्देश

1. परीक्षा 10.30 बजे से होगी, अतः 10 बजे तक परीक्षा कक्ष के पास पहुंच जाएं! अपने साथ में किसी भी प्रकार की पुस्तक या अन्य उपकरण, मोबाइल इत्यादि नहीं लाना है।
2. परीक्षा कक्ष में किसी से कोई बात चीत नहीं करनी है, न किसी से नकल करने का कोई प्रयास करना है।
3. अपने रोल नम्बर के अतिरिक्त लिखना कुछ भी नहीं है, किन्तु किसी प्रश्न को हल करने के लिए यदि कोई रफ काम करना है तो केवल परीक्षण पुस्तिका के आखिरी पृष्ठ में सादे पन्नों पर कर सकते हैं।
4. आपको जो प्रश्न-पत्रों की एक परीक्षण पुस्तिका परीक्षा कक्ष में दी जाएगी, उसके अन्तिम पन्नों के बाद, अलग से एक उत्तर पुस्तिका लगी मिलेगी। उसे ओ.एम. आर. OMR (Optical Mark Recognition) शीट कहा जाता है जिससे कम्प्यूटर के द्वारा बहुत कम समय में मूल्यांकन प्राप्त कर लिया जाता है।
5. उत्तर देने से पहले ध्यान पूर्वक अपने प्रश्न-पत्रों की पुस्तिका पर लिखे गए नम्बर और ओ.एम.आर. OMR (Optical Mark Recognition) शीट में लिखे गए नम्बर का मिलान कीजिए, यदि उनमें कोई भी अन्तर दीखे तो तुरंत हाथ उठाइए, आपके वीक्षक आपके पास जाएंगे और आपको ऐसा दूसरा शीट देंगे जिसका वही नम्बर होगा जो आपके प्रश्न पत्र वाली परीक्षण पुस्तिका में होगा।
6. आपके पास जो प्रवेश पत्र (Admit Card) भेजा गया है उसमें NET Roll No. (only office use) लिखा हुआ है, उसकी पहली पंक्ति वाली कालम में जो कमांक दिया हुआ है, **ठीक उसी** को अपने ओ.एम.आर. OMR (Optical Mark Recognition) शीट में कमांक के बगल में बने कालम में लिखिए।
7. कुल 100 प्रश्न दिए जाएंगे और सभी के उत्तर आपको **दो घंटे में देने हैं।**
8. सभी प्रश्नों के 4 संभावित उत्तर के विकल्प दिए गए हैं, उनमें से जो सबसे सही उत्तर आपको लगे, विकल्प A B C D के ठीक नीचे बनाए गए गोल खाली जगह को **केवल काले डाट पेन** से भर दीजिए, कुछ भी न लिखिए, जैसा कि आप को निम्नलिखित 6 प्रश्नों और उनके सही उत्तर के लिए नमूना स्वरुप दिया जा रहा है :

प्रश्न 1. मछली का जैसे जल से सम्बन्ध है, वैसे चिड़िया का सम्बन्ध किससे है ?

A आकाश B धरती C वायु D जंगल

सही उत्तर है आकाश, जिसे नमूने के ओ.एम.आर. शीट में A के ठीक नीचे काले डाट पेन से भर कर दे दिया गया है। इसी प्रकार आपको 5 और प्रश्नों के सही उत्तर काले डाट पेन से भरे हुए विकल्प से मिल जाएंगे।

प्रश्न 2. विनोद पश्चिम दिशा में कुछ दूर चलकर बायीं ओर मुड़ गया और इस दिशा में कुछ दूर और चलकर फिर बायीं ओर मुड़ गया। बताओ इस स्थिति में उसका मुंह किस दिशा की ओर होगा ?

A पूरब B पश्चिम C उत्तर D दक्षिण

प्रश्न 3. झारखण्ड के वर्तमान राज्यपाल का क्या नाम है

A श्रीप्रभात कुमार B श्री शिबू सोरेन C श्रीमती द्रौपदी मुर्मु D श्री रामनाथ कोविन्द

प्रश्न 4. पहली चार विषम संख्याओं का औसत क्या है ?

A 2.5 B 4 C 5 D 16

प्रश्न 5. एक किलोमीटर लम्बी रेलगाड़ी एक किलोमीटर प्रति 3 मिनट की गति से चल रही है। दो किलोमीटर लम्बी सुरंग को पार करने में उसे कितना समय लगा ?

A 1 मिनट B 3 मिनट C 6 मिनट D 9 मिनट

प्रश्न 6. 'हरीश' का संधि-विच्छेद क्या होगा ?

A हरी + इश B हरि + ईश C हर + इश D हरी + ईश

प्रश्न संख्या	विकल्प	विकल्प	विकल्प	विकल्प
1. सही उत्तर	A ●	B ○	C ○	D ○
2. सही उत्तर	A ●	B ○	C ○	D ○
3. सही उत्तर	A ○	B ○	C ●	D ○
4. सही उत्तर	A ○	B ●	C ○	D ○
5. सही उत्तर	A ○	B ○	C ○	D ●
6. सही उत्तर	A ○	B ●	C ○	D ○